दून विश्वविद्यालय, देहरादून

कुलसचिव कार्यालय

सं:841/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर-डी.यू/2026 दिनांक:06 जनवरी 2026

## सूचना

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या: 817/ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ/आर०डी०यू०/2025 दिनांक- 28 दिसम्बर 2025 द्वारा जारी की गई सूचना के क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष: 2025-26 की छात्रवृत्ति समर्थ पोर्टल के माध्यम आवेदन/सत्यापन कर निर्गत की जानी है। कतिपय सूची में उल्लिखित कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा अपना आवेदन समर्थ पोर्टल के द्वारा अद्यतन तक नहीं कराया गया है।

अतः उक्त क्रम में सभी शेष छात्र-छात्राओं (जिनके द्वारा अद्यतन तक आवेदन नही किया गया है) को पुनः सूचित किया जाता है कि, आवेदन प्रारूप समस्त अभिलेखों सहित भरते हुए अनिवार्य रूप से दिनांक: 08 जनवरी 2026 तक समर्थ पोर्टल लिंक- cmheiss.samarth.ac.in के माध्यम से भरना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में उल्लिखित शेष शर्ते यथावत रहेगी।

उक्त तिथि तक आवेदन न करने वाले छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल से सत्यापन नही हो पायेगा व उनकी छात्रवृत्ति की राशि वापस हो जायेगी जिसका भविष्य में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि:**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूल प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सम्बंधित छात्र-छात्राओं को उक्त सूचना प्रसारित करते हुए उनके आवेदन पत्रों को (समस्त अभिलेख सहित) कक्ष सं- 108 प्रशासनिक भवन में जमा कराने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
2. आई०टी० प्रभारी को उक्त सूचना अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

कुलसचिव